लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष, तृतीया 8.17 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 3, अंक 361, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, शुक्रवार, 11 नवंबर 2022

www.amritvichar.com

PAGE NO : 04 MIDDLE

यूपी की टीम ने अभ्यास में बहाया पसीना, नागालैंड ने किया आराम

अमृत विचार, बरेली

श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 मैच के लिए यूपी और नागालैंड के खिलाड़ी बरेली पहुंच गए।

यूपी की टीम बुधवार दोपहर और नागालैंड की टीम गुरुवार सुबह पहुंची। दोनों टीमों का आयोजन कमेटी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। गुरुवार को यूपी के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया, जबकि नागालैंड के खिलाड़ियों ने सफर में थकावट की वजह से आराम करना मुनासिब समझा। अभ्यास के लिए यूपी के खिलाड़ी सुबह करीब 9:30 बजे श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे। हरे भरे ग्राउंड पर खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। बालिंग और बैटिंग के साथ खिलाड़ियों ने फील्डिंग में भी कड़ी मेहनत की। इस बीच मैच के लिए अन्य पदाधिकारियों का आना जारी रहा। मैच रेफरी, अंपायर, वीडियो एनालिस्ट और स्कोरर की टीम भी बरेली पहुंच चुकी है। 12 नवंबर को सुबह 8.30 बजे मैच की शुरूआत होगी । पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल आदि गणमान्य मैच की शुरूआत करेंगे।

श्री राममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास करते यूपी के खिलाड़ी।

- **12 नवंबर को सुबह 8.30 बजे शुरू होगा मैच**
- **दर्शकों के स्वागत के लिए तैयार श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम**